# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से




सीहोर में विराजे श्री चिंतामण गणेश

गणेश चतुर्थी एवं हिन्दी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




# ब्रिक्स ही दिखाएगा दुनिया को राह

## शिखर सम्मेलन के समापन पर मोदी ने बड़े सुधारों पर दिया मंत्र

नवभारत न्यूज

**नई दिल्ली, 13 सितंबर. भारत मंडपम में आयोजित 18 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के अंतिम दिन दुनिया के दिग्गज नेताओं ने वैश्विक तनाव, आर्थिक मजबूती, विकास और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में बड़े सुधारों की मांग पर खुलकर बात की. सभी सदस्य देशों ने शनिवार को सर्वसम्मति से मंजूर की गई नई दिल्ली घोषणा को जमीन पर उतारने की कार्ययोजनाओं पर गहराई से चर्चा की. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने समापन भाषण में सदस्य देशों से आह्वान किया कि वे अब ब्रिक्स के तीसरे दशक में सिर्फ विचारों और वादों तक सीमित न रहें, बल्कि दुनिया के सामने इसके ठोस और जमीनी परिणाम पेश करें.**

इस सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता में आर्थिक और तकनीकी सहयोग को बढ़ाने पर सहमति बनी. वहीं रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों द्वारा लगाए जा रहे प्रतिबंधों की कड़े शब्दों में निंदा की. इसके साथ ही ईरान और पश्चिम एशिया के नेताओं ने क्षेत्र में जारी तनाव पर चिंता जताते हुए शांति और आपूर्ति श्रृंखलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया.



### एकतरफा प्रतिबंधों पर पुतिन ने ट्रंप पर साधा निशाना

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने व्यापारिक, आर्थिक और कूटनीतिक दबाव बनाने के लिए कुछ देशों द्वारा किए जा रहे राज्य-स्तरीय हस्तक्षेप और एकतरफा प्रतिबंधों की कड़े शब्दों में निंदा की. उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और आपूर्ति श्रृंखलाओं को जानबूझकर नुकसान पहुंचा रहा है.

### पेजेश्कियन का युद्ध संकट से निपटने एकजुटता पर जोर

ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी सुरक्षा संकट और तनाव न केवल वहां के नागरिकों को प्रभावित कर रहा है, बल्कि वैश्विक ऊर्जा बाजारों और आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए भी बड़ा खतरा बन गया है. ऐसे में शांति स्थापना के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं.

### मोदी-शी द्विपक्षीय बैठक पर कांग्रेस ने उठाया सवाल

कांग्रेस पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की द्विपक्षीय बैठक को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने लिखित बयान जारी कर भारत-चीन सीमा विवाद, व्यापार असंतुलन और राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर सरकार के बदलते कूटनीतिक रुख को लेकर कई तीखे स्पष्टीकरण मांगे हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ प्रधानमंत्री सीमा पर शांति और स्थिरता को बेहतर संबंधों के लिए महत्वपूर्ण बता रहे हैं, तो दूसरी तरफ जमीन पर जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है. जयराम रमेश ने पूर्वी लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में चीन के कथित क्षेत्रीय विस्तार पर गहरी चिंता व्यक्त की है.

### ताकत के दम पर पूरी दुनिया नहीं चलेगी : जिनपिंग

समिट के अंतिम दिन शी जिनपिंग ने कहा कि दुनिया में नियम सभी देशों की भागीदारी से बनने चाहिए. उन्होंने कहा कि ताकतवर ही सही है की सोच को काफी पहले पीछे छोड़ दिया जाना चाहिए था. उन्होंने संप्रभु समानता और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान को जरूरी बताया. शी ने कहा कि बिना नियमों वाली दुनिया ऐसी होगी जैसे ट्रैफिक सिग्नल के बिना चौराहा, जहां अव्यवस्था और अफरा-तफरी की स्थिति पैदा होना लगभग तय है. उन्होंने कहा कि निष्पक्षता और न्याय की इच्छा सार्वभौमिक है और अंतरराष्ट्रीय नियम किसी एक देश के हिसाब से नहीं, बल्कि सभी देशों की भागीदारी से तय होने चाहिए.



# बाबूजी को नमन कर शुरू किया 27वां सोपान

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा, 13 सितंबर. नवभारत के संस्थापक एवं पितृपुरूष बाबूजी श्रद्धेय स्व. रामगोपाल माहेश्वरी की पुण्य स्मृति में ब्यावरा नगर के वल्लभा परिसर में आयोजित 27 वें विचार मंथन एवं काव्यनिशा का शुभारंभ वक्ताओं एवं अतिथिगणों ने बाबूजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया.**

आयोजन में दिल्ली से पधारे वरिष्ठ पत्रकार एनके सिंह, संसदीय विशेषज्ञ अशोक चतुर्वेदी, पूर्व आईएएस राधेश्याम जुलानिया एवं भोपाल की वरिष्ठ टीवी पत्रकार शिफाली ने इस वर्ष रखे गए विषय पर अपने प्रभावी विचार श्रोताओं के समक्ष रखें. इस वर्ष के विषय- गण का तंत्र में भरोसा की गणतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति पर वक्ताओं ने अपनी बेबाक राय रखी. वहीं देर शाम काव्य निशा में उप्र एवं मप्र के कवियों, शायरों, गीत-गजलकारों ने समां बांध दिया. इस वर्ष वक्ताओं में शामिल पूर्व आईपीएस अनुराधाशंकर सिंह बतौर वक्ता आयोजन में शामिल नहीं हो पाई. उनके पति का देहावसान होने के कारण वे नहीं आ पाई.

आयोजन में राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, विधायक हजारीलाल दांगी खिलचीपुर एवं राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव सहित जिला भाजपाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, जिपं अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश गुर्जर, वरिष्ठ भाजपा नेता दिलबर यादव, पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, पूर्व मंत्री एवं जिला इंकाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खींची, पूर्व विधायकगण गिरीश भण्डारी, रघुनंदन शर्मा, हेमराज कल्पोनी, बापू सिंह तंवर, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष सुरेश शर्मा, सहित वरिष्ठ इंका नेता विजयबहादुर सिंह, भाजपा नेता जगदीश पंवार, मनोज हाड़ा राजगढ़ सहित नगर के व्यापारी, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, महिला शक्ति बड़ी संख्या में शामिल रहीं.

## एक नजर में

### कश्मीरी पंडित कर्मचारियों को फिर आतंकी धमकी

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर में प्रधानमंत्री पैकेज के तहत नियुक्त कश्मीरी पंडित कर्मचारियों को एक बार फिर आतंकी संगठन के फ्रंट यूनाइटेड लिबरेशन काउंसिल ने धमकी दी है. संगठन की ओर से जारी पत्र में अलग बस्तियों को लेकर गंभीर आपत्ति जताई गई है. संगठन ने आरोप लगाया है कि कश्मीरी पंडित कर्मचारियों के लिए अलग बस्तियां बनाने की योजना जम्मू-कश्मीर में 'एक राज्य के भीतर दूसरा राज्य' बनाने की साजिश का हिस्सा है.

### जम्मू-कश्मीर में सीआईके ने कई जगह मारे छापे

**जम्मू.** जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर ने कई जिलों में बड़े पैमाने पर छापेमारी की. जांच एजेंसी ने कुलगाम और शोपियां में तलाशी अभियान चलाया. इससे पहले एनआईए ने लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े सीमा पार आतंकी साजिश मामले में कार्रवाई करते हुए कई जिलों में रेड डाली थी. जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ जांच एजेंसियों ने फुल एक्शन मोड में नजर आ रही हैं.

### केदारनाथ मार्ग पर पहाड़ी से गिरे पत्थर, यात्री की मौत

**रुद्रप्रयाग.** केदारनाथ धाम में रविवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया. चीरबासा क्षेत्र में पहाड़ी से लगातार पत्थर गिरने की घटना में एक यात्री की मौत हो गई. हादसे के बाद प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए केदारनाथ यात्रा तत्काल रोक दी है. गौरीकुंड से केदारनाथ जाने वाले और धाम से वापस लौटने वाले यात्रियों की आवाजाही फिलहाल बंद कर दी गई है. रविवार सुबह करीब 11.15 बजे चीरबासा क्षेत्र में पहाड़ी से अचानक लगातार पत्थर गिरने लगे.

## गुस्ताखी माफ




# जमीन घोटाले में अभिषेक की मुश्किलें बढ़ीं

## पीए सुमित रॉय सीआईडी का गवाह बनने हुआ तैयार

नवभारत न्यूज नेटवर्क

**कोलकाता, 13 सितंबर. पश्चिम बंगाल में सल्बोनी जमीन घोटाला मामले की जांच के दौरान सीआईडी ने तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी के निजी सहायक सुमित रॉय को लेकर अदालत में गंभीर दावे किए हैं.**

जांच एजेंसी के मुताबिक, पूछताछ के दौरान रॉय ने कथित अपराध में अपनी भूमिका स्वीकार की है. सीआईडी का कहना है कि मामले में केवल रॉय ही नहीं, बल्कि एक बड़ा गिरोह भी शामिल हो सकता है और जांच इसी दिशा में आगे बढ़ रही है. अदालत में पेश दस्तावेजों के अनुसार, जांच एजेंसी ने दावा किया कि रॉय ने जांच में सहयोग करने और वित्तीय लेन-देन के आधार पर कथित तौर पर गायब रकम की बरामदगी में मदद करने की पेशकश की है. सीआईडी अब रॉय से मिली जानकारी के आधार पर मामले में शामिल अन्य लोगों की भूमिका और पैसों के लेन-देन की कड़ियों की जांच कर रही है.



### 10 को किया था गिरफ्तार

सीआईडी ने 10 सितंबर को सुमित रॉय को दक्षिण कोलकाता स्थित एक पार्टी कार्यालय-सह-आवास से गिरफ्तार किया था. यह गिरफ्तारी सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के कुछ ही समय बाद हुई. मामला पश्चिम मेदिनीपुर जिले के सल्बोनी में कथित तौर पर सरकारी जमीन की अवैध बिक्री और उससे जुड़े फर्जी दस्तावेजों के इस्तेमाल के आरोपों से संबंधित है.

# 2029 से पहले भाजपा शासित राज्यों में यूसीसी

## अमित शाह ने बताई योजना | मोदी के जन्मदिन पर महीनेभर चलेगा अभियान

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

**नई दिल्ली, 13 सितम्बर. केंद्र की भाजपा सरकार के बाद अब भाजपा शासित राज्यों में भी समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी को लेकर बड़ा कदम उठाने की तैयारी है.**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संकेत दिया है कि 2029 से पहले भाजपा शासित राज्यों में यूसीसी लागू किया जाएगा. इसके साथ ही भाजपा ने पीएम मोदी के जन्मदिन को बड़े सेवा अभियान से जोड़ने की योजना बनाई है. यानी एक तरफ यूसीसी को लेकर राज्यों में आगे बढ़ने की तैयारी है तो दूसरी तरफ मोदी के जन्मदिन से देशभर में एक महीने तक सेवा गतिविधियां चलाने की तैयारी है. 17 सितंबर को पीएम मोदी का जन्मदिन है. इस मौके पर भाजपा, उसके सहयोगी दल, पूरा एनडीए कुनबा, कई स्वयंसेवी संगठन और देश की जनता मिलकर 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक देशभर में 'सेवा संकल्प अभियान' चलाएंगे. अमित शाह ने बताया कि इस अभियान को केवल भाजपा के कार्यक्रम तक सीमित नहीं रखा जाएगा. इसमें सहयोगी दलों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम लोगों की भी भागीदारी होगी.



अभियान के जरिए सेवा को केंद्र में रखकर देशभर में लोगों तक पहुंचने की योजना है. पहले गुजरात में और बाद में देशभर में भाजपा पीएम मोदी के जन्मदिन को 'सेवा सप्ताह' के रूप में मनाती रही है. यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक चलाया जाता था और कई जगह इसे एक सप्ताह तक भी आयोजित किया जाता था. इस बार अभियान की अवधि बढ़ाकर 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक की गई है.

इसके पीछे पीएम मोदी की लंबी राजनीतिक और संगठनात्मक यात्रा को खास तौर पर सामने रखना है. 7 अक्तूबर 2026 को नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के तौर पर लगातार जनसेवा के 25 साल पूरे होंगे. उनका यह सफर अभी जारी है. शाह ने कहा कि देश में बहुत कम ऐसे नेता हैं, जिन्होंने पहले किसी राज्य के मुख्यमंत्री और फिर देश के प्रधानमंत्री के तौर पर लगातार 25 साल तक जनसेवा की है.

# 243 यात्रियों से भरा जहाज लापता

## इंडोनेशिया में हादसा, 103 को रेस्क्यू किया

नवभारत न्यूज नेटवर्क

**जकार्ता, 13 सितंबर. इंडोनेशिया में खराब मौसम के बीच यात्रियों से भरे एक जहाज के संपर्क से बाहर होने के बाद बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है.**

यात्री जहाज 'विर्गो ट्रांसपोर्ट 8' पर कुल 243 लोग सवार थे. इनमें से 103 लोगों को अब तक अलग-अलग जहाजों की मदद से सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि हुई है. करीब 140 लोगों की तलाश अभी जारी है. इंडोनेशियाई खोज एवं बचाव एजेंसी के मुताबिक, जहाज शनिवार को पूर्वी जावा प्रांत के सुरबाया शहर से दक्षिण कालीमंतन प्रांत के बंजारमासिन के लिए रवाना हुआ था. रविवार तड़के खराब मौसम के दौरान जहाज से संपर्क टूट गया. इसके बाद अधिकारियों को इसकी आखिरी ज्ञात स्थिति के आधार पर खोज अभियान शुरू करना पड़ा.



# इंजन ने हवा में दिया विमान को दगा

## भोपाल-दिल्ली फ्लाइट की जयपुर में इमरजेंसी लैंडिंग

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 13 सितंबर. भोपाल से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 1886 में उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आने के बाद विमान को जयपुर डायवर्ट कर दिया गया.**

इंजन में गड़बड़ी की सूचना मिलने के बाद पायलट ने एहतियाती कदम उठाते हुए विमान को जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतारने का फैसला किया. विमान की सुरक्षित लैंडिंग के बाद एयरलाइन की तकनीकी टीम ने जांच शुरू कर दी है.

फ्लाइट को भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट से रविवार सुबह 8.25 बजे उड़ान भरनी थी, लेकिन यह करीब 22 मिनट की देरी से सुबह 8.47 बजे रवाना हुई. विमान को निर्धारित समय के अनुसार सुबह 9.55 बजे दिल्ली पहुंचना था. हालांकि, रास्ते में इंजन में तकनीकी समस्या सामने आने के बाद विमान का रूट बदल दिया गया. इंजन में खराबी का पता चलते ही पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क किया. इसके बाद विमान को जयपुर की ओर मोड़ा गया. जयपुर एयरपोर्ट पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग के लिए आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए गए थे. विमान के उतरने के बाद ग्राउंड स्टाफ और एयर इंडिया की तकनीकी टीम ने इसकी जांच शुरू कर दी.




# 7000 पेजों में दर्ज हुआ राम मंदिर चढ़ावा चोरी

## मामले में 8 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट तैयार

नवभारत न्यूज नेटवर्क

**अयोध्या, 13 सितंबर. राम मंदिर में चढ़ावे की रकम चोरी के मामले में पुलिस की जांच अब अंतिम चरण में पहुंच गई है. मामले में गिरफ्तार किए गए आठ आरोपियों के खिलाफ आरोपों की पुष्टि के लिए पर्याप्त साक्ष्य जुटाने का पुलिस ने दावा किया है.**

विवेचना के दौरान करीब सात हजार पन्नों की केस डायरी तैयार की गई है. अब 22 और 23 सितंबर को अदालत में चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी की जा रही है. चार्जशीट में आरोपियों के बयानों के साथ घटनास्थल से जुड़े साक्ष्य, मंदिर परिसर के सीसीटीवी फुटेज, बरामद नकदी, वाहन, आभूषण और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को शामिल किया गया है. जांच अधिकारियों का फोकस इन सभी साक्ष्यों का आपस में मिलान करने और आरोपियों की भूमिका से जुड़ी कड़ियों को जोड़ने पर है. जांच के प्रमुख बिंदुओं की जोन स्तर पर समीक्षा भी की जा चुकी है. चार्जशीट दाखिल करने से पहले केस डायरी में शामिल साक्ष्यों की कानूनी मजबूती और प्रत्येक आरोपी की भूमिका को अंतिम रूप दिया जा रहा है.



**फुटेज में बड़ा खुलासा:** सीसीटीवी फुटेज में 70 से अधिक गतिविधियां सामने आने का दावा मामले की शुरुआती जांच के दौरान मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई थी. पुलिस के मुताबिक, 27 अप्रैल से पांच जून के बीच 70 से अधिक बार चढ़ावे की रकम को कथित तौर पर छिपाने या निकालने जैसी गतिविधियां सामने आई थीं.

### राम मंदिर ट्रस्ट में बढ़ेगा प्रशासनिक ढांचा

अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट मंदिर की प्रशासनिक व्यवस्था को नए सिरे से मजबूत करने की तैयारी में है. एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) जितेंद्र मिश्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की जिम्मेदारी संभालने के बाद अब उनकी टीम के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है. ज्वाइंट सीईओ और डिप्टी सीईओ के पदों पर जल्द नियुक्ति किए जाने की तैयारी है. दोनों पदों के लिए अलग-अलग श्रेणियों में तीन-तीन नामों का पैनल तैयार किया गया है. इनमें से एक-एक नाम पर अंतिम निर्णय लिया जाना है.

**आतंकवाद** | 9/11 की बरसी पर सीआईए दस्तावेजों में बड़ा खुलासा, रिपोर्ट में कई देशों में आतंकी घटनाओं का जिक्र

# अमेरिका से पहले लादेन की हिट लिस्ट में था भारत

एजेंसी

**वॉशिंगटन, 13 सितंबर. अमेरिका में हुए 9/11 आतंकी हमलों की 25वीं बरसी के मौके पर अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए की ओर से जारी किए गए गोपनीय दस्तावेजों ने आतंकी संगठन अल-कायदा के नेटवर्क और उसकी वैश्विक योजनाओं से जुड़ी कई अहम जानकारियां सामने रखी हैं.**

दस्तावेजों के मुताबिक, ओसामा बिन लादेन 2001 के 9/11 हमलों से काफी पहले भारत समेत कई देशों में आतंकी हमले की योजना बनाने की कोशिश कर रहा था. सीआईए द्वारा सार्वजनिक किए गए 70 से अधिक दस्तावेजों में 28 अगस्त 1998 का एक खुफिया मेमो भी शामिल है. इसका शीर्षक 'बिन लादेन का आतंकवादी नेटवर्क अभी भी एक खतरा है' बताया गया है. इस मेमो में लादेन के नेटवर्क से जुड़े संभावित खतरों और कई देशों में हमले की आशंकाओं का उल्लेख किया गया था. रिपोर्ट में भारत के अलावा पाकिस्तान, मिस्र, कुवैत, सऊदी अरब, यमन, युगांडा और नाइजीरिया जैसे देशों का भी जिक्र है. हालांकि, भारत के संबंध में दस्तावेज में किसी विशेष स्थान, लक्ष्य, हमले की तारीख या विस्तृत ऑपरेशनल योजना का उल्लेख नहीं है. साथ ही, इस जानकारी के स्रोत को भी सार्वजनिक नहीं किया गया है.



### अमेरिका और ब्रिटेन पर भी हमले की आशंका

सीआईए के दस्तावेजों से यह भी संकेत मिलता है कि लादेन का नेटवर्क अमेरिका और ब्रिटेन को लगातार निशाना बनाने की कोशिश में था. अफगानिस्तान में अमेरिकी मिसाइल हमलों से कुछ घंटे पहले भी लादेन अमेरिका और ब्रिटेन के खिलाफ नए हमलों की योजना बना रहा था. खुफिया आकलन में चेतावनी दी गई थी कि उसका नेटवर्क दुनिया के करीब 60 देशों में सक्रिय सहयोगियों के जरिए हमले कर सकता है.

### क्लिंटन और बुश प्रशासन को दी गई थी चेतावनी

सार्वजनिक किए गए दस्तावेज 1998 से 2001 के बीच के हैं. इनमें तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपतियों बिल क्लिंटन और जॉर्ज डब्ल्यू बुश के प्रशासन को आतंकी खतरे को लेकर दी गई चेतावनियों का भी उल्लेख है.